आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया।
- श्री मोदी ने विशेष अभियान एक पेड़ माँ के नाम से लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर एक पेड़ लगाने की अपील की।
- जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना की अवधि 2025 तक बढाई गई।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल भारी बारिश का अनुमान।

........

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान–एक पेड़ माँ के नाम का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के 50 वर्ष पूरे कर रहा है।

मन की बात (प्रदेश)

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के क्लेमनटाउन स्थित बौद्ध मठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 111 वां संस्करण सुना। प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के आह्वान पर श्री धामी ने सभी प्रदेशवासियों से इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संर्वद्धन में अपना योगदान देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला में प्रदेशभर में व्यवस्थित तरीके से पौधरोपण किया जाएगा, जिसे अभियान के तौर पर संचालित किया जाएगा।

जल संरक्षण की जरूरत पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में भी सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

थलसेनाध्यक्ष कार्यभार ग्रहण

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जनरल द्विवेदी ने 15 दिसंबर, 1984 को थलसेना की इन्फैंट्री– जम्मू और कश्मीर राइफल्स में कमिशन प्राप्त किया था। उन्होंने रक्षा और प्रबंधन अध्ययन में एम फिल और सामरिक अध्ययन और सैन्य विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की है।

स्मार्ट सिटी

देहरादून को स्मार्ट शहर बनाने वाली परियोजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की अवधि 2025 तक बढ़ा दी गई है। केन्द्र सरकार ने पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समयसीमा जून 2024 तय की थी, जो अब मार्च 2025 हो गई है। इस संबंध में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत दून में ग्रीन बिल्डिंग के

अलावा अन्य योजनाओं का काम लगभग पूरा हो चुका है। दून में प्रस्तावित स्मार्ट रोड, चाइल्ड फ्रेंडली सिटी प्रोजेक्ट और सीवर लाइन का कुछ कार्य पूरा होना बाकी है।

नए आपराधिक कानून

तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं।

ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का लक्ष्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करना और साथ ही पीड़ितों को एफआईआर की मुफ्त प्रति मिलना शामिल है। इसके अलावा, गिरफ्तारी की स्थिति में व्यक्ति को इच्छानुसार किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को भी प्राथमिकता दी गई है।

मौसम

राज्य के अधिकांश हिस्सों में कल बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून सहित पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल और हरिद्वार जिले में कल भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। सुबह के समय राज्य में आमतौर पर बादल छाए रहे और कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि दोपहर के बाद कुछ स्थानों में धूप खिली रही।

## सीएम बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सरकार में विभिन्न विभागों के दायित्वधारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। यह बैठक मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दायित्वधारी सरकार और जनता के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं। जनभागीदारी से समृद्धि के संकल्प को साकार करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## मानसखंड कार्यशाला

अल्मोड़ा के स्यालीधार स्थित मानस खंड विज्ञान केंद्र में आज बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के छात्रों, शोधार्थियों, किसानों और वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से बताया। मुख्य व्याख्यान देते हुए डीआरडीओ के पूर्व अधिकारी डॉक्टर पीएस नेगी ने कहा कि बौद्धक संपदा विषय पर बहुत बारीकी से कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि जब तक लोगों को यहां की उत्पादकता के पेटेंट के बारे में जानकारी नहीं होगी, तब तक इसे रोज़गार के रूप में नहीं अपनाया जा सकता। मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में आईपीआर केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि स्थानीय उत्पादों के पेटेंट कराए जा सकें।

सफल प्रतयारोपण

रुद्रप्रयाग के जिला चिकित्सालय में पहली बार कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। जिला चिकित्सालय के सीएमएस व वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर मनोज बडोनी और उनकी टीम ने यह सफल ऑपरेशन किया है। इससे पहले रुद्रप्रयाग में कूल्हे के ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ता था। डॉक्टर बड़ोनी ने कहा कि अब कूल्हे की हड्डी के ऑपरेशन के लिये मरीज को देहरादून या फिर अन्य चिकित्सालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला चिकित्सालय में ही निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है।